प्रेस विज्ञप्ति

हिन्दुस्तान कॉलेज को मिला एक्सीलेंस एण्ड इननोवेशन इन इंजीनियरिंग का खिताब

शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी को उत्तर भारत में अभियांत्रिकी उत्कृष्टता एवं नवोन्मेष खिताब से नवाजा गया है। विदित रहे कि विगत 1 से 3 फरवरी, 2018 के दौरान नई दिल्ली स्थिति होटल विवान्ता ताज में ऐड टैक रिव्यू स्टार्ट–अप के तहत 'इनवेस्टर सम्मिट–2018' का आयोजन किया गया था जिसमें उत्तर भारत के 200 से अधिक उद्योग घरानों, ग्रुप ऑफ कम्पनीज एवं शिक्षण संस्थानों ने प्रतिभाग किया जिसमें से शैक्षिक संस्थानों में उत्कृष्टता एवं नवोन्मेष का पुरुस्कार हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी को मिला।

इस अवसर पर कोग्नीजेंट अकैडमी के वाइस चेयरमैन श्री वर्धराजन श्रीधरन, मैक्ग्रोहिल एजूकेशन इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री कौशिक बिलानी, एलपीयू के वाइस चेयरमैन श्री राजीव मित्तल, बैनक्यू इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री राजीव सिंह, छत्तीसगढ़ सरकार के सलाहकार श्री विकास बागरी, एमिटी समूह सहित अनेक शिक्षण संस्थानों के प्रमुख अतिथी के रूप में उपस्थित रहे।

संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने यह खिताब संस्थान की ओर से ऐड टैक रिव्यू स्टार्ट–अप के इवेस्टर सम्मिट–2018 के मुख्य अतिथि एवं प्रमुख आयोजकों द्वारा प्राप्त किया साथ ही आयोजक मण्डल का आभार जताते हुये धन्यवाद किया।

संस्थान की इस विशेष उपलब्धि पर शारदा ग्रपु के वाईस चेयरमैन श्री वाई.के.गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रदीप महथा ने संस्थान में कार्यरत निदेशक सहित समस्त डीन, विभागाध्यक्ष एवं समस्त शिक्षकगण को इस खिताब के लिए बधाई और भविष्य में इसी प्रकार अभियांत्रिकी में नये कीर्तिमान स्थापित करते रहने के लिए शुभकामनायें दीं।

संस्थान के अधिशासी निदेशक प्रो. वी.के.शर्मा ने संस्थान की इस गौरवमयी उपलब्धि पर हर्ष जताया और इसके मायने बताते हुये संस्थान में कार्यरत पदाधिकारियों को गौरवान्वित करने वाला क्षण बताया।